**Retrenchment in Rubber Board**

1956. SHRI RAMCHANDRAN KADANAPPALLI : Will the Minister of FOREIGN TRADE be pleased to state :

(a) the total number of persons retrenched from the Rubber Board during the year 1971-72.

(b) the reasons therefor;

(c) whether Government have received any representation from the workers against the retrenchment; and

(d) if so, their reaction thereto ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOREIGN TRADE (SHRI A. C. GEORGE) : (a) and (b). There has been no retrenchment of workers from the Board during 1971-72. However, services of six temporary employees of the Board were terminated in November, 1971 for acts of lawlessness inviolation of rules governing their works and conduct.

(c) and (d). Yes, Sir. The Chairman has been advised to examine the representations of the staff whose services were terminated with reference to Rubber Board Service (Classification, Control and Appeal) Rules, 1961.

**गया में मुहाने रिजर्वायर योजना**

1957. **श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा** : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार राज्य के गया जिले में भूमि की सिंचाई के लिए मुहाने रिजर्वायर योजना पर कार्य आरम्भ हो गया है; और

(ख) यदि हाँ, तो इस संबंध में कितनी प्रगति हुई है और यह कार्य कब तक पूरा हो जायेगा ?

**सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री श्री बैजनाथ कुरील** : (क) बिहार सरकार ने सूचित किया है कि मुहाने जलाशय स्कीम पर विस्तृत सर्वेक्षण हो रहा है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

**सिंचाई की सुविधाओं के अभाव के कारण गया जिले के नवादा सब-डिवीजन में सूखा और अकाल की स्थिति**

1958. **श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा**: क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बिहार राज्य में गया जिले का नवादा सब-डिवीजन सिंचाई की सुविधाओं के अभाव में लगातार सूखे और अकाल का सामना कर रहा है; और

(ख) यदि हाँ, तो क्या, 'तिलैया डाइवरजन स्कीम' तथा 'अपर सकरी रिजर्वायर स्कीम' को चौथी पंचवर्षीय योजना में शामिल करने का सरकार का विचार है ?

**सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बैजनाथ कुरील)** : (क) और (ख). दक्षिण बिहार के विभिन्न भागों के क्षेत्रों में कई वर्षों से सूखा पड़ता रहा है । बिहार सरकार ने तिलैया व्यपवर्तन स्कीम के लिए प्रस्ताव भेजे हैं । एक सुझाव दिया गया है कि परियोजना में प्रस्तावित सुरंग का पुनः संरेखण किया जाए । संशोधित परियोजना प्रतिक्षित है । योजना में इसको शामिल करने का प्रश्न केवल तभी उठेगा जब इसकी तकनीकी जाँच पूर्ण हो जाएगी और जब वर्तमान जलाशय से जल के व्यपवर्तन में सम्मिलित अन्तर्राज्यिक पहलुओं पर निर्णय हो जाएगा । बिहार सरकार अपर सकरी जलाशय की अभी भी जाँच कर रही है ।

**Policy Regarding Promotion as Commercial Inspectors on Indian Railways**

1959. SHRI CHANDRIKA PRASAD : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether there is a uniform policy for